Regarding alleged corruption in UT of Dadra and Nagar Haveli and Daman and Diu-laid

श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल (दमन और दीव) **:** मैं सरकार का एक महत्त्वपूर्ण विषय की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली और दमन एवं दीव में इन आठ सालों में जो भी कोई कार्य हुआ है उसमें कथित तौर पर अनियमितताएं पाई गई हैं । आमजन दु:खी और परेशान है । महोदय वर्तमान प्रशासक का कार्यकाल खत्म होने के बाद भी वह इस पद पर नियुक्त है । जबकि इस पद के लिए वर्तमान प्रशासक नियुक्ति के मानदंड भी पूरे नही हो रहे हैं ।

अत: मेरा भारत सरकार से निवेदन है कि वर्तमान प्रशासक के स्थान पर कोई आई.ए.एस. अधिकारी या कोई प्रशासनिक अधिकारी की नियुक्ति होनी चाहिए ।